पांच दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा शुरू, अब तक 12 मुकाबले

▶ स्व विष्णुप्रसाद यादव की स्मृति में हो रहा 5 दिवसीय आयोजन

सेंधवा, (नवभारत)। शहर में समाजसेवी स्व विष्णुप्रसाद यादव की स्मृति में सन्नी स्पोर्ट्स एवं फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में 5 दिवसीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की भागीदारी हो रही है और अब तक 12 मुकाबले खेले जा चुके हैं।

11 मई से शुरू हुई निमाड़ मालवा टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्षा बसंतीदेवी यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय यादव, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्याम एकड़ी तथा पार्षद छोटू चौधरी की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने स्व विष्णुप्रसाद यादव बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की। अतिथियों का स्वागत सन्नी गुप्ता, श्याम कटारे, अनुप चौधरी और अंकित यादव ने पुष्पमाला से किया। नपा अध्यक्षा बसंतिदेवी यादव ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। श्याम एकड़ी ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा है, जिससे सेंधवा के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। पार्षद छोटू चौधरी ने बताया कि नगर में 25 वर्षों बाद क्रिकेट का इतना बड़ा आयोजन संजय यादव के सहयोग से संभव हो पाया है।

सामाजिक सेवाओं का किया उल्लेख

संचालन अनीस शेख ने किया। उन्होंने स्व विष्णुप्रसाद यादव बाबूजी के जीवन और उनकी सामाजिक सेवाओं पर प्रकाश डाला। भाजपा नेता संजय यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उन्हें शुभकामनाएं दी और चौका लगाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खिलाड़ियों की नीलामी कर श्रेष्ठ खिलाड़ियों को शामिल किया है।

पीएम आवास योजना में राशि का इंतजार

बड़वानी, (नवभारत)। प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों को राशि के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। योजना 1.0 में करीब 40 हितग्राही तीसरी किश्त के 50 हजार रुपए पाने को तरस रहे हैं। वहीं योजना 2.0 में एक साल बाद भी हालात सुधरे नहीं हैं।

1 सितंबर 2024 को शुरू हुई 2.0 में 1800 लोगों ने सपनों का आशियाना बनाने आवेदन किया था। नपा ने जियो टैगिंग और दस्तावेज सत्यापन भी कर लिया, पर अब तक सिर्फ 253 हितग्राहियों के खाते में पहली किस्त के एक लाख रुपए आए हैं।

सत्यापन में 602 पीएम आवास पट्टा योजना के आवेदन अपात्र मिले। शेष 1200 में से करीब 900 आवेदन भी अपात्र

पाए गए। अधिकारी बताते हैं कि ये परिवार पहले लाभ ले चुके हैं या उनके पास वैध पट्टा-रजिस्ट्री नहीं है। नपा ने अब तक तीन डीपीआर भेजी हैं। पहली 109, दूसरी 144 और तीसरी 37 हितग्राहियों की है। पहली-दूसरी डीपीआर की राशि आ गई, लेकिन तीसरी की राशि अब भी अटकी है। चौथी डीपीआर प्रक्रियाधीन है।

योजना 1.0 का पहला चरण 2022 में पूरा होना था, जिसे 1 दिसंबर 2025 तक बढ़ाया गया, फिर भी कई मकान अधूरे हैं। 3री किश्त न मिलने से हितग्राहियों ने कर्ज लेकर छत डाली, लेकिन प्लास्टर और दरवाजे-खिड़की का काम रुका है।

सामग्री महंगी, बढ़ रही परेशानी

हितग्राहियों ने बताया कि एक साल पहले आवेदन किया था। दस्तावेज जमा और सत्यापन हो गया, लेकिन राशि कब आएगी, पता नहीं। उधर सीमेंट, सरिया, ईंट, रेती के दाम आसमान छू रहे हैं। योजना में देरी से ढाई लाख में मकान बनाना मुश्किल होगा। अतिरिक्त खर्च दोगुना हो जाएगा।

राशि मिले तो पूरा करें मकान

हितग्राहियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली-दूसरी किश्त से छत डाल दी है। अब प्लास्टर और दरवाजे-खिड़की के लिए 50 हजार का इंतजार है। राशि मिलने पर ही काम पूरा होगा, लेकिन पहले काम करने को कहा जा रहा है।

जल्द राशि आएगी

प्रभारी बलदेव सिंह ठाकुर ने बताया कि 2.0 की तीन डीपीआर भेजी गई हैं। पहली-दूसरी की किश्त जारी हो चुकी है। तीसरी की स्वीकृति मिल गई, जल्द राशि आएगी। 1.0 में 6 मकान अधूरे हैं। 40 लोगों की राशि समय पर काम न होने से अटकी है। निराकरण के प्रयास जारी हैं।

छत-प्लास्टर का काम करना होगा

नपा के अनुसार 1.0 में 40 हितग्राहियों को 3री किश्त के 50 हजार मिलने शेष हैं। राशि इसलिए रुकी है, क्योंकि डीपीआर में शामिल लोगों ने 3री किश्त का काम पूरा नहीं किया। पहले छत-प्लास्टर का काम करना होगा, इसके बाद ही राशि जारी होगी। इसी कारण मकान अधूरे पड़े हैं।

लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी पकड़ाया

बड़वानी। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सिलावद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी

अनुभाग महेश सुनैया के मार्गदर्शन में सिलावद पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना सिलावद में दर्ज अपराध क्रं. 96/2026 अंतर्गत आरोपी गोविन्द पिता दौलत जाधव उम्र 25 वर्ष निवासी मैणीमाता के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। घटना के बाद आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी सिलावद रामकृष्ण लौंवशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

बिजली के पोल लगाने का कार्य शुरू

पानसेमल, (नवभारत)। ग्राम पंचायत वांगरा के ग्राम झेण्डिया कुंडिया में विधायक श्याम बरडे ने विद्युत पोल लगाने के कार्य की शुरूआत की। विधायक, जनप्रतिनिधि व वरिष्ठजनों की उपस्थिति में कार्य हुआ। विधायक बरडे ने कहा कि वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

क्षेत्र में कई जनकल्याणकारी कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। कुछ ऐसे स्थान भी है जहां वर्षों तक बिजली के खंभे व तार नहीं पहुंचे थे। वहां आज विकास की रोशनी पहुंच रही है। हमारा संकल्प है कि हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचे। भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्युत कार्य पूर्ण से ग्रामीणों को बेहतर बिजली सुविधा मिलेगी। विधायक ने ग्राम के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवाओं की समस्याएं सुनी तथा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर वरिष्ठजन एवं युवा उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने आदतन नकबजन को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

बड़वानी, (नवभारत)। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को आदतन नकबजनी के आरोपी को गिरफ्तार कर दो चोरी के मामलों का खुलासा किया। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 10 हजार रूपए का मशरूका जब्त किया।

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में जिले में ऑपरेशन हवालात चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में पुलिस ने लोकेन्द्र उर्फ

छोटू पिता शैलेन्द्र कुशवाह, उम्र 20 वर्ष निवासी चांदशाह मोहल्ला को पकड़ा।

पहली घटना 28 अप्रैल को हुई। फरियादी घर में ताला लगाकर दुकान गया था। लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा था। घर से 3 एंड्रॉयड मोबाइल, 1 जोड़ी चांदी की पायजब, 5 हजार नकद व अन्य सामान चोरी हो गया। दूसरी घटना 2 मई को हुई। फरियादिया के मकान की दूसरी मंजिल से अज्ञात व्यक्ति अलमारी से नकदी व चांदी के आभूषण चोरी कर भाग गया। उसने फरियादिया को धक्का देकर घायल भी कर दिया।

दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। तकनीकी व भौतिक साक्ष्य जुटाकर आरोपी को पकड़ा गया। पुछताछ में उसने दोनों वारदात कबूल की। आरोपी को न्यायालय में पेश कर केंद्रीय जेल भेज दिया गया।

आरोपी के विरुद्ध चोरी और मारपीट के 3 मामले पहले से दर्ज हैं। पहले प्रकरण से 1 जोड़ी चांदी की पायजब, 3 एंड्रॉयड मोबाइल और 5 हजार रूपए नकद बरामद हुए। दूसरे प्रकरण से 2 जोड़ी चांदी की पायजब, 1 चांदी की चेन और 15 हजार रूपए नकद जब्त किए गए।

कार्रवाई में थाना प्रभारी बलजीत सिंह, उप निरीक्षक रवि ठाकुर, प्रधान आरक्षक जगजोध सिंह, आरक्षक हितेंद्र, आत्माराम, पुरुषोत्तम एवं अंतर की अहम भूमिका रही।

एक नजर में

आलीराजपुर मंडी में कच्चे आम की खरीदी-बिक्री 18 से

मंडी प्रशासन ने कहा किसान टूटे-फूटे आम अलग बोरे में लाए

आलीराजपुर। कृषि उपज मंडी समिति द्वारा जिले के किसान भाइयों एवं आम व्यापारियों को सूचित किया गया है कि 18 मई 2026, सोमवार से मंडी प्रांगण में कच्चे आम का क्रय-विक्रय प्रारंभ किया जाएगा। मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी आम मंडी प्रांगण में लाकर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से विक्रय करें, ताकि उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक एवं उचित मूल्य प्राप्त हो सके। किसानों को बिक्री के दिन ही नगद भुगतान किए जाने की व्यवस्था भी की गई है। मंडी प्रशासन द्वारा किसानों को निर्देश दिए गए हैं कि टूटे-फूटे आम अलग बोरे में लाकर रखें तथा मंडी परिसर में किसी भी प्रकार के धारदार हथियार लेकर न आएं। साथ ही किसानों से अधिक से अधिक मात्रा में वन उपज आम मंडी में लाने का आग्रह किया गया है। इसके अतिरिक्त, जो व्यक्ति या संस्था कच्चे आम के क्रय-विक्रय अथवा व्यवसाय हेतु लाइसेंस प्राप्त करना चाहते हैं, वे कार्यालयीन समय में मंडी कार्यालय पहुंचकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लाइसेंस संबंधी जानकारी के लिए मंडी सचिव श्री राधेश्याम सिर्वी मोबाइल नंबर 9165723871 एवं शाखा प्रभारी श्री सुरंग सिंह कनेश मोबाइल नंबर 9406850318से संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मंडी प्रशासन को मंडी प्रांगण में किसानों के लिए उचित बैठक व्यवस्था,गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था, शौचालय जैसी आधारभूत व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर फोल्ड लांच

इंदौर. स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपना पहला फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेज़र फोल्ड लॉन्च किया. यह फोन काम और मौज-मस्ती को नए अंदाज़ में पेश करता है और यूज़र्स बिना किसी रुकावट के काम कर सकते हैं, कुछ नया बना सकते हैं और एक साथ कई काम कर सकते हैं. इस डिवाइस में दुनिया का सबसे बेहतरीन फोल्डेबल कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसे इमेजिंग की बेहतरीन क्वालिटी के लिए डीएक्सओमार्क गोल्ड लेबल मिला है. मोटोरोला इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी.एम. नरसिम्हन ने कहा मोटोरोला रेज़र फोल्ड के साथ हम फोल्डेबल फोन्स के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, जिसे बेहतर प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी के लिए डिज़ाइन किया गया है. यह एक ऐसा डिवाइस है जो शानदार डिज़ाइन, प्रो-ग्रेड इंटेलिजेंस और बेहतरीन क्राफ्टसमैनशिप को एक साथ लाता है, जिससे हर इंटरैक्शन वाकई खास बन जाता है. मोटो बड्स 2 प्लस के साथ, जहां साउंड बाय बोस की शानदार ध्वनि और एकॉस्टिक विशेषज्ञता मिलती है, हम एक ऐसा इकोसिस्टम पेश कर रहे हैं जो उतना ही स्टाइलिश है जितना दमदार और यह सेगमेंट का सबसे बेहतरीन ऑडियो अनुभव है.

एचडीएफसी बैंक के व्हाट्सएप चैट बैंकिंग में 1 करोड़ यूजर्स

मुंबई. एचडीएफसी बैंक के व्हाट्सएप चैट बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म ने इस्तेमाल के मामले में कई अहम मील के पत्थर पार कर लिए हैं. इस प्लेटफ़ॉर्म पर 31 मार्च, 2026 तक 1 करोड़ से ज़्यादा 30-दिन के एक्टिव यूज़र्स और 2 करोड़ से ज़्यादा 90-दिन के एक्टिव यूज़र्स थे. यह प्लेटफ़ॉर्म अब 4 करोड़ से ज़्यादा रजिस्टर्ड ग्राहकों को सेवाएँ दे रहा है, जो बैंक के कुल ग्राहक आधार का लगभग 40 प्रतिशत है. एचडीएफसी बैंक के पेमेंट्स और डिजिटल बैंकिंग चैनल्स के हेड, रजनीश परमानंद प्रभु ने इस मील के पत्थर के बारे में बात करते हुए कहा 1 करोड़ यूनिक मंथली एक्टिव यूज़र्स का मील का पत्थर पार करना हमारी डिजिटल यात्रा में एक अहम पल है. जो एक साधारण सर्विस इंटरफ़ेस के तौर पर शुरू हुआ था, वह अब एक पूरे पैमाने वाले कन्वर्सेशनल बैंकिंग इकोसिस्टम में बदल गया है. ग्राहक अब आम सेवाओं और ज़्यादा कीमत वाले लेन-देन, दोनों के लिए चैट को ज़्यादा चुन रहे हैं। हमारा ध्यान बैंकिंग को और ज़्यादा ग्राहक-केंद्रित, आसान और उन प्लेटफ़ॉर्म्स पर उपलब्ध बनाने पर है जिनका इस्तेमाल ग्राहक हर दिन करते हैं.

न्यूरोबियन ने पेश की नर्व पेन रिलीफ क्रीम

मुंबई. न्यूरोबियन जो प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड का प्रमुख ब्रांड है, ने नई 'न्यूरोबियन नर्व पेन रिलीफ क्रीम' लॉन्च की है- यह एक विशेष रूप से तैयार किया गया टॉपिकल सॉल्यूशन है, जिसे हाथों और पैरों में नसों से जुड़े दर्द, झुनझुनी और जलन से लक्षणों के आधार पर राहत प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है. पी एंड जी हेल्थ इंडिया के मार्केटिंग डायरेक्टर विजय कुमार पम्पाना ने कहा पिछले छह दशकों से अधिक समय से, न्यूरोबियन पर लाखों उपभोक्ताओं और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा नर्व केयर के लिए एक विश्वसनीय समाधान के रूप में भरोसा किया जाता रहा है.

प्राचीन बावड़ी की सफाई के लिए व्यापक श्रमदान

▶ जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का दूसरा चरण

आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में व्यापक रूप से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आलीराजपुर विकासखंड भाभरा (चंद्र शेखर आजाद नगर) में जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनसहभागिता के माध्यम से प्राचीन बावड़ी की सफाई की गई।

कार्यक्रम कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन तथा जनपद पंचायत सीईओ भाभरा और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य



क्षेत्र के प्राचीन जल स्त्रोतों का संरक्षण, पुनर्जीवन एवं जल संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम अंतर्गत बेहड़वा क्षेत्र स्थित प्राचीन बावड़ी में वर्षों से जमी गाद को निकालकर व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की गई। श्रमदान के माध्यम से बावड़ी के घाटों को स्वच्छ किया गया तथा जल स्त्रोत को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने की सराहना

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भाबरा इंदर सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं, एनआरएलएम समूहों एवं ग्रामीणजनों द्वारा जिलेभर में किए जा रहे सतत जल संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया, जिनके नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान जैसी महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जल समस्या को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर सक्रिय भूमिका निभाए। प्राचीन बावड़ी, कुएं, तालाब एवं अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण कर भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा।

अधिक धन है तो गौशाला पर बनाकर करें खर्च : पं. नागर

मेघनगर। मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर मालवा के विख्यात संत पं. कमल किशोर नागर ने मातृशक्ति से आह्वान किया है कि जब भी कथा सुनने आओ तो लक्ष्मी नहीं सरस्वती बनकर आओ। जब भी कथा हो सत्संग हो वहां भोजन का नहीं भजन का रस लेना चाहिए। जहां भी श्रीमद भागवत कथा होती है, सत्संग होता है तो उसको सुनने नर के रूप में नारायण भी आते हैं। कलयुग में घर चलाना हो तो मीठा कम खाना, लेकिन मीठा अधिक बोलना। किसी की आत्मा दुखे ऐसे शब्द मत बोलना। जब भी नींद खुले भगवान के दर्शन पीपल के दर्शन माता-पिता के दर्शन करो जीवन सफल हो जाएगा। जैन परिवार जो इस कथा का यजमान है वह बहुत बड़ा काम कर रहा है। यह काम ईश्वर की कृपा से ही संभव होता है। समाजसेवी और आयोजन समिति के सदस्य सुरेशचंद्र पूरणमल जैन की पं. नागर ने जमकर प्रशंसा की। कथा स्थल पर गर्मी से बचाव के लिए भी आयोजनकर्ताओं द्वारा द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

टेलेंट सर्च के माध्यम से होगा जिला क्रीड़ा परिसर आलीराजपुर में प्रवेश

आलीराजपुर। क्रीड़ा परिसर जिला आलीराजपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए टेलेंट सर्च प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्रवेश प्रक्रिया संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के समन्वय एवं मार्गदर्शन में संपन्न कराई जाएगी।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संजय परवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रीड़ा परिसर में विद्यार्थियों का चयन खेल विधा एवं स्वीकृत सीटों को ध्यान में रखते हुए विकासखंड एवं जिला स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों को आयु वर्ग के अनुसार मिनी, जूनियर एवं सीनियर समूह में विभाजित किया जाएगा। इसमें 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को मिनी समूह, 14 से 16 वर्ष आयु वर्ग को जूनियर समूह तथा 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को सीनियर समूह में रखा जाएगा।

खिलाड़ियों का चयन शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जिला बालक क्रीड़ा परिसर आलीराजपुर से प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया 14 मई 2026 से 15 जून 2026 तक कार्यालयीन समय में संचालित रहेगी। प्रवेश फॉर्म जमा करते समय विद्यार्थियों को आधार कार्ड, अंकसूची (मार्कशीट) एवं जाति प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

एक नजर में ▶ कैबिनेट मंत्री और सांसद के प्रयासों आजाद नगर क्षेत्र में 125.75 करोड़ की 64 सड़कों की मिली बड़ी सौगात

भाजपा जो कहती है, वो करती ही है : अनिता नागरसिंह चौहान

आलीराजपुर। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह कर के दिखाती है,यह बात आज पुनः चरितार्थ हो गई। लोकसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान और सांसद अनिता चौहान ने रतलाम झाबुआ आलीराजपुर में प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़को के संबंध में बताई जा रही समस्याओं के चलते वादा किया था कि गांव-गांव की तर्ज पर फलिया फलिया सड़कें बने। इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। इस वादे को पूर्ण करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत आलीराजपुर जिले को बड़ी सौगात देते हुए 127.45 किमी सड़को को स्वीकृत करते हुए 125.75 करोड़ की स्वीकृति प्रदा। की है।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आलीराजपुर झाबुआ रतलाम क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में गांवों में फलिया नुमा दूर दूर बसाहट होने से वहां तक सड़को का निर्माण नहीं हो पाता था। जिसके लिए कैबिनेट मंत्री

नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता चौहान ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास विभाग के केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को आदिवासी अंचल के ग्रामीण ग्रामों में गांवों की फलिया नुमा बसाहट से अवगत करवाते हुए ग्रामीण भाई बहनों की समस्याओं से अवगत करवाया। जिसके बाद मंत्री एवं सांसद के प्रयासों से पूरे प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के माध्यम से फलियों फलियों तक सड़क बनाने पहल शुरू हुई।

इसी पहल के पहले चरण की शुरुआत शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली आजाद नगर (भाबरा) विकासखंड से की जाकर यहां 64 सड़को को स्वीकृति देते हुए उनके लिए 125 करोड़ 75 लाख रुपए की स्वीकृति देने की जानकारी स्वयं केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांसद अनिता नागरसिंह चौहान को पत्र लिखकर दी।

इन 64 सड़कों के स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत लगभग 127.45 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की 66 बसाहटों को सड़क संपर्क सुविधा प्राप्त होगी। यह सड़कें केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत नहीं करेंगी, बल्कि राज्य के साथ वहां फलियों में रहने वाले आम जनमानस को भी सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेंगी। इस नवीन विकास की गाथा को लिखने के लिए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद अनिता चौहान, भाजपा जिला महा मंत्री रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, राजू मुवेल, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, युवा नेता विशाल रावत, जिला उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला, अजय आजाद नगर मंडल अध्यक्ष नारायण अरोड़ा सहित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने इस स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित केंद्र एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आवागमन सुगम बनेगा और सुविधा होगी।